एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

प्रयागराज। न्यायायिक प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद न्यायालय इलाहाबाद में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रशिक्षण में जनपद न्यायालय के कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग लिया। नोडल अधिकारी कंप्यूटर अंजनी कुमार की देखरेख में सिस्टम ऑफिसर राघवेन्द्र राजपूत, सिस्टम असिस्टेंट नीरज शुक्ला, जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर अवनीश श्रीवास्तव एवं सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर जफर फरीद ने प्रशिक्षण प्रदान किया।प्रशिक्षण लेने वालों में विभिन्न न्यायालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।